हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 24 जून 2026



06 जादू-टोने के अंधविश्वास में किशोर की हत्या कर...



10 कलेक्टर ने सुनी नागरिकों की समस्याएं अधिकारियों...



## खबर संक्षेप

### ईवीएम-वीवीपीएटी वेयरहाउस का किया दौरा

**नर्मदापुरम।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में स्थिति ईव्हीएम व्हीव्हीपीएटी वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण जिले के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, नर्मदापुरम श्री सोमेश मिश्राा द्वारा किया गया। जिसमें उपस्थित प्रतिनिधियों कों वेयरहाउस में रखी गयी, ईव्हीएम मशीनों एवं व्हीव्हीपीएटी का अवलोकन कराया गया।

### शिकायतः डेमेज की जा रही पेयजल सप्लाई

**नर्मदापुरम।** हरियाली के पास अमृत पेयजल पाइप लाइन को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बार बार फोड़ा जा रहा है। जिससे पेयजल संबंधी समस्या नगर में व्याप्त हो रही है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख द्वारा सिटी कोतवाली में लिखित में आसामाजिक तत्वों पर एफआईआर दर्ज करने का आवेदन दिया गया है। जल शाखा प्रभारी आयुषी रिछारिया ने बताया कि किसी आसामाजिक तत्व द्वारा अमृत पेयजल पाइप लाइन को डेमेज किया जा रहा है। जिससे इस गर्मी के मौसम में नगर के विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल सप्लाई बाधित हो रही है इसकी लिखित शिकायत कर अज्ञात असामाजिक तत्वों पर एफआईआर का आवेदन दिया है। रिछारिया ने बताया कि पाइप लाइन रिपेयरिंग का कार्य किया जा रहा है। जल्द ही नगर की पेयजल सप्लाई सुचारू हो जाएगी।

### श्रम विभाग ने दी श्रम कानूनों की जानकारी

**नर्मदापुरम।** 1 जून से 30 जून तक संचालित विशेष अभियान के अंतर्गत मंगलवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर नागरिकों, व्यापारियों एवं प्रतिष्ठान संचालकों को बाल श्रम निषेध संबंधी प्रावधानों की जानकारी दी गई। एव बताया कि 14 वर्ष तक की आयु के किसी भी बालक को नियोजित करना प्रतिबंधित है।

# पचमढ़ी में मानसून ने दी दस्तकः 1 घंटे झमाझम बारिश से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

मध्यप्रदेश में पिछले कुछ दिनों से जारी चिलचिलाती धूप, भीषण गर्मी और उमस से परेशान लोगों के लिए राहत की खबर है। प्रदेश के मशहूर हिल स्टेशन पचमढ़ी में आखिरकार मानसून ने अपनी उपस्थिति दर्ज करा दी है। पचमढ़ी और इसके आस-पास के पहाड़ी इलाकों में करीब 24 घंटे से पर्वत श्रृंखलाओं के ऊपर घने बादल डेरा डाले हुए थे, जिसके बाद शहर में तकरीबन 1 घंटे तक अच्छी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार, शहर के साथ-साथ आस-पास के घने जंगलों में भी कुछ देर तक लगातार पानी गिरा है, जिससे तापमान में गिरावट आई है और मौसम सुहाना हो गया है।

**अलर्ट जारी**

- मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आने वाले दिनों में हल्की बारिश का अनुमान जताया
- 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज झोंकेदार हवाएं चलने का भी अलर्ट जारी
- जल्दी ही सक्रिय होकर तेज बारिश होगी। मानसून की आमद हुई दर्ज।



### मानसून की एंट्री में देरी की बड़ी वजहें

आमतौर पर मध्यप्रदेश में मानसून 15 जून के आसपास दस्तक दे देता है, लेकिन इस बार इसमें करीब 6 से 8 दिनों की देरी देखी गई है। मौसम वैज्ञानिकों और गूगल से प्राप्त आईएमडी की रिपोर्ट के अनुसार, इस साल देश के मध्य हिस्से में मानसून की चाल धीमी होने के पीछे मौसम की 'पुश एंड पुल' खींचने और धकेलने की प्रक्रिया कमजोर रही, जिससे मानसून की रफ्तार थम गई।

### नर्मदापुरम में बरसे बदरा

नर्मदापुरम शहर में मंगलवार दोपहर झमाझम बारिश हुई। बादलों की गर्जना के साथ करीब आधे घंटे तक बरसे पानी से शहर तरबतर हो गया और लोगों को गर्मी से बड़ी राहत मिली। मानसून की इस अच्छी बारिश को देखकर किसानों के चेहरों पर भी खुशी छा गई है। वहीं नागरिकों को उमस और गर्मी से राहत भी मिली।

### मजबूत सिस्टम का न होना

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, अरब सागर से मानसूनी हवाओं को आगे खींचने के लिए बंगाल की खाड़ी में एक मजबूत कम दबाव का क्षेत्र बनना जरूरी होता है।

### सूखी हवाओं का दखल

जून के पहले और दूसरे हफ्ते में मिडिल ईस्ट (मध्य पूर्व) और मध्य एशिया की तरफ से आने वाली सूखी और गर्म पश्चिमी हवाओं ने भारतीय उपमहाद्वीप में प्रवेश किया। इन हवाओं ने एक वायुमंडलीय दीवार का काम किया, जिससे मानसूनी बादल आगे नहीं बढ़ पाए।

### सोमाली जेट कमजोर

मानसून को भारत की मुख्य भूमि तक तेजी से पहुंचाने वाली समुद्री हवाओं की धारा (जिसे सोमाली जेट कहते हैं) इस बार शुरुआत में उतनी मजबूत नहीं थी, जिससे नमी वाली हवाएं मध्य भारत तक समय पर नहीं पहुंच सकीं।

### ऑसिलेशन का प्रभाव

बादलों और बारिश का एक वैश्विक चक्र इस दौरान हिंद महासागर में एक प्रतिकूल चरण में था, जिसके कारण मानसूनी हवाओं को आगे बढ़ने के लिए जरूरी ऊर्जा नहीं मिल पाई। हालांकि शुरुआत में मानसून की रफ्तार धीमी रही है, लेकिन मौसम विभाग का अनुमान है कि जून के आखिरी दिनों और जुलाई की शुरुआत में मध्य प्रदेश सहित पूरे मध्य भारत में अच्छी बारिश होगी, जिससे शुरुआती कमी पूरी हो जाएगी।

### ग्राम महेंद्रवाड़ी में हुई घटना, पीड़ितों ने की मुआवजे की मांग

# बिजली विभाग की लापरवाही से जला गृहस्थी का सामान, थी बेटी की शादी

मंगलवार को झूलते तारों ने एक आदिवासी परिवार के घर को जलाकर खाक कर दिया। घर में ग्रहस्थी का सामान भी जल गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

जहां विभाग आम आदमी की समस्याओं के निवारण के लिए शिविर लगाए गए इसके बाद भी ग्राम अमांडा (महेंद्रवाड़ी) में बिजली विभाग की गंभीर लापरवाही से एक गरीब आदिवासी परिवार का आशियाना उजड़ गया। झूलते तारों से लगी भीषण आग में पीड़ित सुनील उईके पिता रामसिंह उईके का पूरा घर और गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। पीड़ितों ने शासन से मदद की गुहार लगाई है।



### खेत पर था परिवार, पीछे से हुआ हादसा

घटना रात करीब 8 बजे की है, जब पूरा परिवार खेत पर काम करने गया था। जब तक लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया, तब तक आग पूरे घर को चपेट में ले चुकी थी। ग्रामीणों में भारी आक्रोश है, उनका आरोप है कि झूलते तारों की शिकायत कई बार बिजली विभाग से की गई थी, लेकिन अधिकारियों ने इसे पूरी तरह नजरअंदाज किया।

### प्रशासनिक अमला पहुंचा, मुआवजे की मांग

हादसे की सूचना मिलते ही थाना पथरोटा पुलिस, पटवारी दीपक रघुवंशी, सचिव ज्योति चिमानिया, कोटवार रघुनाथ मेहरा और समाजसेवी विनोद वारिवा, शंकर उईके व दीपक बावरिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों और समाजसेवियों ने शासन-प्रशासन व बिजली विभाग से पीड़ित परिवार को तत्काल उचित मुआवजा देने की पुरजोर मांग की है, ताकि बेटी की शादी बिना किसी बाधा के संपन्न हो सके।

### झूलते तार बनते हैं परेशानी का सबब

शहर सहित गांवों में बिजली पोल पर लगे तार अक्सर झूलते देखे जा सकते हैं जो लोगों के लिए परेशानी बा सबब बनते हैं। इन तारों के आपस में टकराने से फाल्ट और चिंगारी निकलने की समस्या होती है जो नागरिकों के लिए दुर्घटना बनती है।

### शादी की खुशियां बदलीं मातम में

इस हादसे ने परिवार को झकझोर कर रख दिया है, क्योंकि आगामी 2 तारीख को घर में बेटी की शादी है। शादी के लिए जुटाया गया राशन और गृहस्थी का सारा सामान खाक हो गया। नुकसान में मुख्य रूप से गेहूं, मक्का, धान, मूंग और यूरिया, डीएपी व एनपीके खाद, कपड़े, पाल, खटिया, बिजली का स्टार्टर और डोरी आदि शामिल हैं।

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में शिकायतों का किया निराकरण

### 133 आवेदकों ने बताई अपनी जन-समस्या



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कलेक्ट्रेट स्थित रेवा सभा कक्ष में प्रातः 11 बजे से आमजन की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना तथा उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनसुनवाई में राजस्व, भूमि विवाद, पेंशन, विद्युत, साफ-सफाई, खाद्य सहित विभिन्न विभागों से संबंधित 133 शिकायतें प्राप्त हुईं।

कलेक्टर ने जनसुनवाई में प्राप्त कई शिकायतों का मौके पर ही निराकरण कराया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त सभी शिकायतों का समाधान अधिकतम एक सप्ताह के भीतर सुनिश्चित किया जाए। साथ ही शिकायतों की अद्यतन स्थिति निर्धारित पोर्टल पर नियमित रूप से दर्ज की जाए, ताकि आवेदकों को उनकी शिकायतों की प्रगति की जानकारी समय पर प्राप्त हो सके।

कलेक्टर ने कहा कि जनसुनवाई के दौरान प्राप्त होने वाली आम समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारी स्वयं मौके पर पहुंचकर त्वरित कार्रवाई करें। उन्होंने निर्देश दिए कि समस्याओं का प्रभावी निराकरण इस प्रकार किया जाए कि नागरिकों को अपनी शिकायत के समाधान के लिए दोबारा जनसुनवाई में न आना पड़े। जनसुनवाई में जिपं सीईओ हिमांशु जैन, अपर कलेक्टर अनिल जैन, डिप्टी कलेक्टर डॉ. बबीता राठौर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# सिविल अस्पताल के डॉक्टरों ने निकाली म्यूकोसील गांठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी शासकीय सिविल अस्पताल के दंत चिकित्सा विभाग में एक 27 वर्षीय मरीज के निचले होंठ से म्यूकोसील (लार ग्रंथि की गांठ) की सफल सर्जरी की गई। मरीज पिछले कई महीनों से इस दर्दरहित सूजन के कारण खाने-पीने की परेशानी से जूझ रहा था।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देश व मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. कमलेश कुमरे के मार्गदर्शन में दंत शल्य चिकित्सक डॉ. कुलदीप सिंह ठाकुर एवं उनकी टीम डॉ. प्रेसी येसुदास, डॉ. हर्षिता सचदेव और रेखा चौबे ने लोकल एनेस्थीसिया देकर यह सफल ऑपरेशन किया। मरीज अब पूरी तरह ठीक है। डॉ. कुलदीप सिंह ठाकुर ने बताया कि यह मुंह के अंदर चोट लगने या लार नलिका बंद होने से बनने वाली थैलीनुमा सूजन है। यह कैंसर नहीं होती, लेकिन बढऩे पर मुसीबत बनती है। इसका स्थायी इलाज केवल सर्जरी है। मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. कमलेश कुमरे ने पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि सिविल अस्पताल में अब मुंह व दांतों से जुड़ी छोटी सर्जरी की बेहतरीन सुविधा उपलब्ध है। आम जनता मुंह में किसी भी गांठ या पुराने छाले को नजरअंदाज न करें और तुरंत सरकारी अस्पताल के दंत विभाग में जांच कराएं।

# ताबूत में लेटकर स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर सौंपा श्वेत पत्र सरकार की सद्बुद्धि के लिए हनुमान चालीसा पढ़ रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल की बदहाल स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष धरना किंग गजानंद (गज्जू) तिवारी ने मंगलवार को अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। जिसमें पहले उन्होंने कांग्रेस जनों के साथ मिलकर भाजपा सरकार के विरुद्ध सद्बुद्धि के लिए हनुमान चालीसा का पाठ किया।

इसके बाद गज्जू तिवारी कॉफिन (ताबूत) में लेटकर कफ़न लपेटकर हाथ ठेले पर समस्त कांग्रेस जनों के साथ रैली के रूप में अस्पताल पहुंचे और अस्पताल पहुंचकर उन्होंने अस्पताल अधीक्षक डॉ कमलेश कुमरे को श्वेत पत्र सौंपते हुए कहा कि, मैं एक मंदिर के भगवान की चौखट से निकलकरइस धरती के डॉक्टर रूपी दूसरे भगवान की चौखट पर आया हूं। वर्षों से अस्पताल की स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर




लगातार संघर्ष कर रहा हूं, लेकिन आज भी जनता को समुचित स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। गज्जू तिवारी ने बताया कि अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं और बंद पड़े आईसीयू को शुरू कराने के लिए उन्होंने और उनके साथियों ने कई वर्षों से लगातार संघर्ष किया है। इस दौरान उन्होंने कई ज्ञापन दिए, धरना-प्रदर्शन और आंदोलन किए, रैलियां निकालीं, हनुमान चालीसा पाठ किया, हस्ताक्षर अभियान चलाया, नंगे पैर ज्ञापन सौंपा, घुटने टेककर गुहार लगाई, दो बार भूख हड़ताल की, आमरण अनशन किया, 9 घंटे जल सत्याग्रह किया और 5000 पोस्टकार्ड अभियान भी चलाया।

उन्होंने कहा कि इन सभी आंदोलनों का एकमात्र उद्देश्य इटारसी की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल में बंद पड़े आईसीयू को पुनः शुरू कराना है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार नहीं किया गया और आईसीयू शुरू नहीं किया गया तो जनहित में आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। जिस पर अस्पताल अधीक्षक ने कहा कि एक महीने के अंदर हम आपकी मांगे जायज है उसे पूरी करने की कोशिश करेंगे आईसीयू तो हम साफ सफाई करके तैयार कर लिया है बस कुछ ही दिनों में चालू कर देंगे।

# शुक्ला के भारतीय परंपरा पर किए लेखन को मिली सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर के शिक्षाविद् डॉ. विशाल कुमार शुक्ला ने अपने शोध पर्यवेक्षक डॉ. ब्रजेश कुमार शर्मा, रबिन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, रायसेन के कुशल मार्गदर्शन एवं सानिध्य में भारतीय ज्ञान परंपराएं मध्यप्रदेश के विशेष संदर्भ में का लेखन कार्य पूर्ण किया। जिसका प्रकाशन एसपीआई पब्लिकेशन, नोएडा के द्वारा किया गया। विदित हो कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा को भारतीय जनमानस में पुर्नजीवित एवं विश्व पटल पर इसको अलौकिक छबि प्रदान करने की भी अनुशंसा की है। इसी तारतम्य में लेखकद्वय द्वारा विभिन्न विषयों जैसे गणित, भूगोल, वाणिज्य, प्राणीशास्त्र, कृषि, पशुपालन, वनस्पति, आयुर्वेद, पवित्र उपवन, ज्योतिष, शैल आधारित निर्माण रचनाएं एवं काष्ठ आधारित निर्माण आदि गूढ़ अध्यायों का विस्तृत वर्णन, मध्यप्रदेश के विशेष संदर्भ में करने का प्रयास किया है। अमझेरा, गोलडो, सारू-मारु, धर्मराजेश्वर शिव मंदिर मंदसौर, भोज नगरी धार, बुधनी खराद आधारित शिल्प शैली आदि का वर्णन विभिन्न सोपानों के संदर्भ में उचित स्थानों पर किया है। शुक्ला की इस लेखन उपलब्धि पर इष्टमित्रों और शुभचिंतको ने सराहना की है।




# जनसुनवाई में पहुंचे नागरिकों की शिकायतें 24 घंटे में हुईं हल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

स्वास्थ्य विभाग के सभापति राकेश जाधव ने नगरपालिका के स्वच्छता विभाग कक्ष में जनसुनवाई कर नागरिकों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने आश्वासन दिया कि जनसुनवाई में प्राप्त स्वच्छता संबंधी शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा तथा अधिकांश शिकायतों को 24 घंटे के भीतर हल किया जाएगा। जनसुनवाई में कुल 13 शिकायतें प्राप्त हुईं। प्रमुख शिकायतों में सेप्टिक टैंक की सफाई, बरसात पूर्व नालियों की सफाई तथा न्यास कॉलोनी में चैंबर चौक होने की समस्याएं शामिल रहीं। कुछ शिकायतों का तत्काल संबंधित वार्ड जमादारों को निर्देश देकर निराकरण कराया गया, जबकि शेष समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों एवं



कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। सभापति राकेश जाधव ने कहा कि बारिश के मौसम को देखते हुए नालियों की सफाई और स्वच्छता व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। सभी वार्ड जमादारों को निर्देशित किया गया है कि शिकायतों का शीघ्र निराकरण कर उसकी सूचना कार्यालय को उपलब्ध कराएं। इस अवसर पर मनजीत कलोशिया, मयंक अरोराए उपस्थित रहे।

### हरित आवरण बढ़ाने जिले में जारी नवांकुर अभियान

# पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ बच्चियों ने निकाली भव्य कलश यात्रा, पौधारोपण करने के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशन में जिले में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित आवरण बढ़ाने के उद्देश्य से संचालित नवांकुर अभियान के तहत वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में कल्याण शक्तिपीठश् के सहयोग से अनुभाग सिवनी मालवा की तहसील शिवपुर अंतर्गत ग्राम उमरिया स्थित आश्रम परिसर में विशेष पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आश्रम परिसर में कुल 1100 पौधों के रोपण का सामूहिक संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर सोमेश मिश्रा के प्रतिनिधि



के रूप में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सिवनी मालवा विजय राय मुख्य रूप से उपस्थित रहे। पौधारोपण कार्यक्रम के पूर्व आश्रम परिसर से एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। एसडीएम विजय राय ने बालिकाओं के कलशों में पौधे रखकर यात्रा का शुभारंभ किया। कलश यात्रा के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन और वृक्षारोपण के प्रति जनजागरूकता का संदेश दिया गया। कलश यात्रा के पश्चात आश्रम के मुख्य प्रांगण में सामूहिक पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान एसडीएम विजय राय, नायब तहसीलदार शंकर सिंह रघुवंशी, हल्का पटवारी, आश्रम के महंत एवं सेवादारों सहित स्थानीय ग्रामीणों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए। इस अवसर पर उपस्थितजनों ने पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन का भी संकल्प लिया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि वृक्षारोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने की महत्वपूर्ण पहल है। नवांकुर अभियान के तहत जिलेभर में व्यापक स्तर पर पौधारोपण किया जा रहा है, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ हरित क्षेत्र में वृद्धि और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को बढ़ावा मिल रहा है।

# अच्छी बारिश की कामना के साथ सिंधी समाज ने बांटी प्रसादी



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी


हर वर्ष की परंपरा को निभाते हुए इस वर्ष भी झूलण सेवा समिति इटारसी द्वारा पूज्य पंचायत सिंधी समाज के तत्वाधान मे सोमवार को बाजार स्थित भगवान श्री झूलेलाल मंदिर में विशेष धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समिति और समाज के सदस्यों ने भगवान श्रीझूलेलाल के समक्ष ज्योत प्रज्वलित कर क्षेत्र में अच्छी बारिश तथा विश्व कल्याण की मंगल कामना की। विशेष पूजा और प्रार्थना के तहत भगवान झूलेलाल को मीठे चावल का भोग लगाया गया और सुख-समृद्धि के लिए सामूहिक पल्लव (प्रार्थना) की गई। इसके पश्चात सभी श्रद्धालुओं को मीठे चावल का प्रसाद वितरित किया गया। सालों पुरानी परंपरा और एकजुटता के अंतर्गत पिछले कई वर्षों से लगातार हो रहे इस भव्य आयोजन में झूलण सेवा समिति के साथ-साथ पूज्य पंचायत सिंधी समाज, सिंधु विकास समिति, सिंधु सेवा समिति और समाज के अनेक संगठनों ने मिलकर अपना पूरा सहयोग दिया।

## 10 वर्षों से संतान न होने का ठीकरा मृतक की मां पर फोड़ा, आरोपी गिरफ्तार

# जादू-टोने के अंधविश्वास में किशोर की हत्या कर शव बोरी में भरकर खाई में फेंका

### हत्या के विरोध में ग्रामीणों ने लगाया जाम, फांसी की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई



मुलताई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ताईखेड़ा में अंधविश्वास और जादू-टोने के शक ने एक मासूम की जान ले ली। संतान न होने के कारण पड़ोसी महिला पर जादू-टोना करने का संदेह पाल बैठे एक युवक ने उसके 15 वर्षीय पुत्र सुदामा इवनाते की निर्मम हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी ने शव को बोरी में बंद कर एक गहरी खाई में फेंक दिया, ताकि घटना का खुलासा न हो सके। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर सोमवार देर रात करीब 11 बजे शव बरामद कर लिया गया। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। मुलताई थाना प्रभारी निरीक्षक विकास पटेल के अनुसार, ग्राम ताईखेड़ा निवासी 15 वर्षीय सुदामा इवनाते पिता मोहन इवनाते 20 जून से लापता था। परिजनों ने अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिलने पर मुलताई थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई गई। इसके बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू की। थाना प्रभारी विकास पटेल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ताईखेड़ा और आसपास के क्षेत्रों में सघन तलाश अभियान चलाया। जांच के दौरान ग्राम ताईखेड़ा निवासी राकेश उईके (30) की गतिविधियां संदिग्ध पाई गईं। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने हत्या की बात स्वीकार कर ली।



#### संतान न होने के लिए मृतक की मां को मानता था जिम्मेदार

पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि पिछले लगभग दस वर्षों से उसे संतान सुख प्राप्त नहीं हुआ था। उसे संदेह था कि मृतक सुदामा की मां जादू-टोना करती है, जिसके कारण वह संतान प्राप्ति से वंचित है। इसी अंधविश्वास और गलत धारणा के चलते उसने इस जघन्य वारदात को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार आरोपी ने पहले सुदामा के सिर पर लोहे की सरिया से हमला किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। वारदात को छिपाने के उद्देश्य से उसने शव को बोरी में बंद किया और हथाईखेड़ा क्षेत्र की एक गहरी खाई में फेंक दिया। पुलिस टीम ने आरोपी की निशानदेही पर खाई से बोरी में बंद शव बरामद किया। सोमवार रात लगभग 11 बजे शव को बाहर निकालकर पंचनामा कार्रवाई की गई तथा पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध हत्या सहित अन्य प्रासंगिक धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

#### हत्या के विरोध में ग्रामीणों ने लगाया जाम, फांसी देने की मांग

घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने मंगलवार को मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने आरोपी को फांसी की सजा देने की मांग करते हुए जमकर विरोध जताया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विकास पटेल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाइश देकर जाम समाप्त कराया। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया है कि सुदामा की हत्या सामान्य नहीं, बल्कि कथित तौर पर बलि देने की नीयत से की गई है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष एवं गहन जांच कर आरोपी के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक आरोपी को सख्त सजा नहीं मिलती, तब तक वे न्याय की मांग करते रहेंगे।

#### अंधविश्वास बना मौत का कारण

यह घटना एक बार फिर समाज में व्याप्त अंधविश्वास और जादू-टोने जैसी कुरीतियों के भयावह परिणामों को उजागर करती है। एक निराधार शक ने एक मासूम की जिंदगी छीन ली और पूरे क्षेत्र को शोक और आक्रोश में डुबो दिया। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है तथा परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों की भी पड़ताल की जा रही है।

## पुलिस ने सुलझाई हत्या की गुत्थी, 3 आरोपी गिरफ्तार

**भैसदेही।** ग्राम जूनापानी में पानी पिलाने की छोटी सी बात पर हुए विवाद ने एक युवक की जान ले ली। इस मामले में पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 21 जून को ग्राम मरामझिरी निवासी प्रवीण मरकाम अपने बेटे विशाल की ससुराल जूनापानी बहू लेने गए थे। इसी दौरान पानी पिलाने की बात पर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि ससुराल पक्ष ने गाली-गलौज के बाद प्रवीण और उनके बेटे आकाश मरकाम के साथ मारपीट शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी भी दी। इलाज के दौरान आकाश की मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में बीएनएस की धारा 103(1) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया। थाना प्रभारी राजेश सातनकर की टीम ने मामले से जुड़े साक्ष्य जुटाकर सुनील पिता बुद्धु वाडिवा (47), अनिल पिता बुध्देसिंह वाडिवा (40) और शिवम पिता सुनील वाडिवा (21) निवासी जूनापानी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। इस कार्रवाही में निरीक्षक राजेश सातनकर, उप निरीक्षक आशीष कुमरे, उप निरीक्षक जयवंती श्रवणकर समेत प्रधान आरक्षक पंजाबराव परते और आरक्षकों की टीम ने अहम भूमिका निभाई।



## ई-टोकन से बढ़ीं मुश्किलें

# सर्वर डाउन, टोकन गायब और कतारों में खड़े हो रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



किसानों को खाद वितरण के लिए लागू ई-टोकन व्यवस्था अब परेशानी का कारण बनती जा रही है। युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष बैतूल प्रितेश गंगारे ने किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा और तत्काल ऑफलाइन व्यवस्था लागू करने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि तकनीकी बाधाओं, इंटरनेट की समस्या और सर्वर डाउन रहने के कारण किसानों को समय पर टोकन नहीं मिल पा रहे हैं। घंटों कतार में खड़े रहने के बावजूद किसानों को खाद नहीं मिल रही है। ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों को डिजिटल प्रक्रिया की जानकारी सीमित होने से दिक्कतें बढ़ रही हैं। प्रितेश गंगारे ने कहा कि खरीफ सीजन में खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। ज्ञापन सौंपने के दौरान जितेन्द्र इवने, राकेश गंगारे, राहुल परते, मुकेश यादव और लोकेश रावत उपस्थित रहे। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि वर्तमान खरीफ सीजन में किसानों के लिए समय पर खाद उपलब्ध होना अत्यंत आवश्यक है, लेकिन ई-टोकन व्यवस्था सुविधा के बजाय परेशानी का कारण बनती जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों के अधिकांश किसानों को डिजिटल प्रक्रिया की पर्याप्त जानकारी नहीं होने से अतिरिक्त कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। टोकन प्राप्त करने के लिए किसानों को बार-बार समितियों और सेवा केंद्रों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, जिससे उनका समय और आर्थिक संसाधन दोनों प्रभावित हो रहे हैं। युवा कांग्रेस ने मुख्यमंत्री से किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए वर्तमान ई-टोकन व्यवस्था को तत्काल समाप्त कर पूर्व की भांति ऑफलाइन व्यवस्था के माध्यम से खाद वितरण सुनिश्चित करने की मांग की, ताकि किसानों को अनावश्यक परेशानियों से राहत मिल सके और उन्हें समय पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध हो सके।

## गायत्री जयंती महापर्व आज

**बैतूल।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में बुधवार 24 जून को गायत्री जयंती महापर्व श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिलेभर के गायत्री परिजन 40 दिवसीय साधना-अनुष्ठान का संकल्प लेकर आध्यात्मिक साधना की शुरुआत करेंगे। गायत्री परिवार के जिला समन्वयक रविशंकर पारखे एवं सह-समन्वयक राजकुमार पालीवाल ने बताया कि परम वंदनीया माताजी भगवती देवी शर्मा, अखंड दीप के शताब्दी वर्ष तथा परम पूज्य गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य की प्रचंड तप-साधना के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में वर्ष 2026 का गायत्री जयंती महापर्व विशेष रूप से मनाया जा रहा है। इस अभियान का शुभारंभ गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार से किया गया है। गायत्री जयंती के पावन अवसर पर जिले के सभी गायत्री शक्तिपीठों, प्रज्ञापीठों, नवचेतना केंद्रों एवं प्रज्ञा मंडलों में गायत्री चालीसा पाठ, सामूहिक जप-अनुष्ठान, गायत्री यज्ञ तथा दीप यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। विश्व शांति, जनकल्याण, उत्तम वर्षा एवं सुख-समृद्धि की कामना से गायत्री मंत्र एवं महामृत्युंजय मंत्र की विशेष आहुतियां अर्पित की जाएंगी। गायत्री परिवार के परिजन, जिला एवं तहसील समन्वय समितियों के सदस्य, गायत्री प्रज्ञापीठ एवं शक्तिपीठों के ट्रस्टी, सक्रिय कार्यकर्ता तथा अन्य सदस्य अनुष्ठान का संकल्प लेकर प्रतिदिन 30 माला गायत्री मंत्र जप करने तथा नियमित स्वाध्याय करने का संकल्प लेंगे।

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनीं नागरिकों की समस्याएं

# जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का करें त्वरित निराकरण: कलेक्टर सोनवणे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



कलेक्टर डॉ सौरभ संजय सोनवणे ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे से आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं ध्यान पूर्वक सुनीं। जनसुनवाई के दौरान राजस्व, भूमि विवाद, पेंशन, आवास, बिजली, पानी सहित अन्य विभागों से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुई। इस दौरान उन्होंने कई प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर मौके पर ही निराकरण कराया, वहीं शेष मामलों में समय-सीमा तय करते हुए अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में कोठीबाजार बैतूल निवासी पिंकी साहू ने बताया कि उनके पति की मृत्यु के पश्चात अनुकम्पा नियुक्ति के स्थान पर 5 वर्ष तक का वेतन दिए जाने के आदेश हुए थे। किंतु अभी तक राशि प्राप्त नहीं होने से काफी परेशानी हो रही है। जिस पर कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने जिला शिक्षा अधिकारी से प्रकरण की जानकारी ली तथा तत्काल आवेदन निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आज निराकरण नहीं होता है तो लापरवाही की स्थिति में विकासखंड शिक्षा अधिकारी बैतूल और संकुल प्राचार्य बैतूल के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाएं। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें, ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए जनसुनवाई में दोबारा न आना पड़े। इस दौरान अपर कलेक्टर वंदना जाट, संयुक्त कलेक्टर मकसूद अहमद ने भी नागरिकों की समस्याएं सुनी। इस अवसर पर सभी विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में ग्राम बघोली निवासी उषा माकोड़े ने अवैध रूप से नाली निर्माण की शिकायत की। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर ने बैतूल जनपद पंचायत सीईओ को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। तीवरखेड़ा निवासी सहदेव ने खेत में रिटेनिंगवॉल बनाने के लिए आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर ने प्रभात पट्टन जनपद सीईओ को आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। बैतूल निवासी गीतांजलि नरवरे द्वारा छात्रवृत्ति न मिलने एवं महाविद्यालय में रही परेशानियों के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए।

#### सीमांकन करने के लिए निर्देश

जनसुनवाई में बडोरा निवासी सकून बाई मौखेड़े ने सीमांकन नहीं किए जाने के संबंध में आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर ने नायब तहसीलदार बैतूल 2 को सीमांकन कर आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। इसके अलावा भगवत राव ने भूमि का सीमांकन करवाने के लिए आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर डॉ सोनवणे ने आठनेर तहसीलदार को आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। चोरडोंगरी निवासी रामनाथ द्वारा आने-जाने के लिए रास्ता संबंधी शिकायत पर अपर कलेक्टर ने सारणी तहसीलदार को आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। भीमपुर तहसील के चुनालोमा निवासी दलसिंह ने अवैध कब्जा की शिकायत की, जिस पर कलेक्टर ने भीमपुर तहसीलदार को जांच कर शीघ्र प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए।

## 24-25 जून को आधार सेवाओं का महा-अभियान

**सारनी।** भारतीय डाक विभाग, मध्यप्रदेश डाक परिमंडल द्वारा 24 एवं 25 जून 2026 को आधार सेवाओं के लिए विशेष महा-अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत सभी निर्धारित आधार सेवा केंद्रों पर नागरिकों को आधार नामांकन एवं अपडेट से जुड़ी विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक नागरिकों तक आधार सेवाएं पहुंचाना, आधार नामांकन एवं अपडेट प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाना तथा सेवा केंद्रों पर बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करना है। अभियान के दौरान नए आधार कार्ड का नामांकन, आधार में सुधार एवं अपडेट, बायोमेट्रिक अपडेट, मोबाइल नंबर अपडेट, आधार प्रिंट एवं डाउनलोड तथा बैंक खाते और मोबाइल नंबर से आधार सीडिंग जैसी सेवाएं प्रदान की जाएंगी। डाक विभाग के अनुसार 24 और 25 जून को सभी निर्धारित आधार केंद्रों पर सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। नागरिकों की सुविधा के लिए टोकन आधारित व्यवस्था भी लागू रहेगी, जिससे व्यवस्थित एवं सुचारु रूप से सेवाएं प्रदान की जा सकें।

# डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी का बलिदान बना राष्ट्रवाद की प्रेरणा: सुधाकर पंवार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

भारतीय जनता पार्टी के पितृपुरूष, प्रखर राष्ट्रवाद के प्रणेता डा.श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस जिला भाजपा के संगठनात्मक 30 मंडलो में बूथ स्तर पर मनाया गया। बलिदान दिवस के अवसर पर जिला भाजपा कार्यालय विजय भवन में आयोजित श्रृद्वांजली सभा को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार ने कहा कि डा.श्यामाप्रसाद मुखर्जी राष्ट्रवाद की प्रखर आवाज थे। डा.श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलिदान से राष्ट्रवाद की प्रेरणा को बल मिला। श्री मुखर्जी ने एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नही चलेगें का नारा देकर काश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने के लिए अपने प्राणो का बलिदान दे दिया। डा. मुखर्जी शिक्षा विद होने के साथ साथ दूरदर्शी राजनेता थे। राष्ट्र की एकता और अखण्डता के लिए उनका त्याग हर कार्यकर्ता के लिए प्रेरणा का कार्य करता है। श्री पंवार ने कहा कि धारा 370 हटाकर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुखर्जी जी के संकल्प पूरा किया है। उनके विचार आज भी एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प को मजबूत करते है। बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओ ने जहां हुए बलिदान मुखर्जी वह काश्मीर हमारा हैं जो काश्मीर हमारा है वो सारा का सारा है के गगनचुंबी नारे लगाते हुए एक नारा और दिया कि जहां जन्म लिए मुखर्जी वह बंगाल भी अब हमारा है। इस दौरान भाजपा कार्यसमिति सदस्य जितेन्द्र कपूर, पूर्व जिलाध्यक्ष अलकेश आर्य, पिछडावर्ग प्रदेश मंत्री अतीत पंवार, अजा मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष मुकेश झारे सहित बडी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

#### जितेन्द्र कपूर के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनने पर किया अभिनंदन

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल द्वारा घोषित प्रदेश कार्यसमिति में बैतूल जिले के पूर्व जिलाध्यक्ष जितेन्द्र कपूर के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाए जाने पर जिला भाजपा कार्यालय विजय भवन में श्री कपूर का जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार द्वारा तिलक लगाकर, पार्टी के अंगवस्त्र एवं शाल पहनाकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर उत्साहित पदाधिकारीयों व कार्यकर्ताओ ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर प्रसन्नता व्यक्त कर प्रदेश नेतृत्व का आभार माना है।

## माहेश्वरी समाज ने मनाया वंशोत्पत्ति दिवस

### प्राचीन श्री माता मंदिर में विधि-विधान से हुआ महेश स्वामी का पूजन



**बैतूल।** महेश नवमी के पावन अवसर पर माहेश्वरी समाज द्वारा शंकर नगर स्थित प्राचीन श्री माता मंदिर में महेश स्वामी का विशेष पूजन एवं आराधना कार्यक्रम श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न किया गया। भगवान शिव एवं माता पार्वती को समर्पित इस पर्व पर समाजजनों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर माहेश्वरी वंशोत्पत्ति दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। पूजन अनुष्ठान पंडित संकेत व्यास के सानिध्य में संपन्न हुआ। इस दौरान मंदिर में विराजमान सभी देवी-देवताओं का पुष्पमालाओं से श्रृंगार किया गया तथा महाभोग अर्पित कर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विशेष पूजा की गई। श्रद्धालुओं ने महेश स्वामी के समक्ष सुख, समृद्धि और समाज की उन्नति की कामना की। प्राचीन श्री माता मंदिर समिति की ओर से अध्यक्ष डब्बू सेठ ने माहेश्वरी समाज के सभी बंधुओं को महेश नवमी एवं माहेश्वरी वंशोत्पत्ति दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना का प्रतीक होने के साथ-साथ माहेश्वरी समाज की गौरवशाली परंपरा, संस्कृति और एकता का भी संदेश देता है। समाजजनों ने उत्साहपूर्वक पर्व मनाते हुए धार्मिक आस्था और सामाजिक समरसता का परिचय दिया।

## कबीर कॉलोनी में एनओसी के बिना नहीं होगा पंजीयन

# कबीर कॉलोनी के शेष भूखंडों की रजिस्ट्री पर रोक

### 85 अवैध कॉलोनियों पर शिकंजा कसने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

नगर पालिका परिषद मुलताई अब नगर में विकसित हुई अवैध कॉलोनियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई की तैयारी में है। नगर की 100 से अधिक कॉलोनियों में से 85 अवैध कॉलोनियों को चिन्हित किया गया है, जिनसे विकास शुल्क और अन्य मदों में 100 करोड़ रुपये से अधिक की राशि वसूले जाने का अनुमान है। इसके अलावा 11 अन्य अवैध कॉलोनियों मूल्यांकन किया जा रहा है। इस दिशा में नगरपालिका ने कार्रवाई शुरू करते हुए स्टेशन रोड स्थित कबीर कॉलोनी के शेष भूखंडों की रजिस्ट्री पर रोक लगा दी है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी वीरेंद्र तिवारी(सीएमओ) द्वारा उप पंजीयक कार्यालय को पत्र भेजकर स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि नगरपालिका की अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) के बिना किसी भी भूखंड का पंजीयन नहीं किया जाए।



जानकारी के अनुसार, 26 मई 2026 को कलेक्टर बैतूल की उपस्थिति में आयोजित जनसुनवाई में कबीर कॉलोनी के रहवासियों ने मूलभूत सुविधाओं के अभाव की शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद 19 जून 2026 को भी कॉलोनीवासियों ने सामूहिक आवेदन देकर बिजली, पेयजल, सडक़ और अन्य आवश्यक सुविधाओं के अभाव का मुद्दा उठाया। शिकायत में आरोप लगाया गया कि कॉलोनाइजरों ने भूखंडों का विक्रय तो कर दिया, लेकिन कॉलोनी में आवश्यक सुविधाओं का विकास नहीं कराया।

#### कृषि भूमि पर प्लाटिंग कर करोड़ों कमाकर गायब हुए कॉलोनाइजर

नगर में वर्षों से कई कॉलोनाइजरों द्वारा नियमों को ताक पर रखकर कृषि भूमि पर अवैध प्लाटिंग कर भूखंड बेचे गए। इससे करोड़ों रुपये का कारोबार तो हुआ, लेकिन कॉलोनियों के विकास की जिम्मेदारी अंततः नगरपालिका पर आ गई। परिणामस्वरूप, नगर पालिका को जनता के टैक्स के पैसों से इन कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करानी पड़ रही हैं, जबकि इसकी जिम्मेदारी संबंधित कॉलोनाइजरों की थी। नगर पालिका उपन्यत्री महेश शर्मा ने बताया की, नगरपालिका द्वारा चिन्हित 85 अवैध कॉलोनियों से 100 करोड़ रुपये से अधिक की राशि की वसूली की जानी है। इसके लिए संबंधित कॉलोनाइजरों को नोटिस जारी करने की तैयारी की जा रही है। नगरपालिका की इस कार्रवाई को अवैध कॉलोनियों पर अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है।

#### पहले भी हुई थी एफआईआर की चर्चा, लेकिन नहीं बढ़ी कार्रवाई

उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी अवैध कॉलोनाइजरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की बात सामने आई थी। हालांकि, उस समय थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया था कि पुलिस को कार्रवाई के लिए पर्याप्त और पुख्ता दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए थे, जिसके कारण प्रकरण दर्ज नहीं हो सका था। ऐसे में अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि क्या इस बार प्रशासन और नगरपालिका वास्तव में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ प्रभावी और ठोस कार्रवाई कर पाते हैं। नगरपालिका द्वारा जारी पत्र में स्पष्ट कहा गया है कि जब तक कॉलोनी के विकास और आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी नहीं हो जातीं तथा नगरपालिका द्वारा एनओसी जारी नहीं कर दी जाती, तब तक शेष भूखंडों की रजिस्ट्री नहीं की जाएगी। इस निर्णय का उद्देश्य नए खरीदारों के हितों की रक्षा करना और कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाओं का विकास सुनिश्चित करना बताया गया है।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रपति के नाम दिया कलेक्ट्रेट में ज्ञापन

**सीहोर।** जनगणना मकान सूचीकरण में ओबीसी के आंकड़े अलग से दर्ज न करने के विरोध में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के द्वारा चरणबद्ध आंदोलन किया जा रहा है। आंदोलन के तहत सोमवार को संयुक्त रूप से राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा संभाग अध्यक्ष चांद सिंह मेवाड़ा, जिला संयोजक धूल सिंह धम्म, प्रदेश अध्यक्ष भारतीय युवा मोर्चा जनम सिंह परमार, दिव्यांग संघ प्रदेश अध्यक्ष बलराम सिंह भदौरिया, बीवीएफ जिला संयोजक फूल सिंह मालवीय, विदिशा लोकसभा प्रभारी धन सिंह मालवीय के द्वारा डिप्टी कलेक्टर वंदना राजपूत को राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन दिया गया। जनगणना मकान सूचीकरण में ओबीसी के आंकड़े अलग से दर्ज करने की मांग की जा रही है। मांगो के समर्थन में सोमवार को देश के 31 राज्यों के 625 जिलों में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम यह ज्ञापन प्रेषित किया जा रहा है। आंदोलन के तीसरे चरण में 22 जून को राष्ट्रव्यापी रैली-प्रदर्शन भी किया जायेगा। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से धमेंद्र मेवाड़ा, अजय कुशवाहा, हरीश लोधी, मनोज पाटीदार, हरि सिंह, नर्बत सिंह, पीएस सोलंकी, दिनेश वर्मा, हरि जाटव, संजय बालकिमी आदि आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

### नागरिकों ने 17 आवेदन दिए, दिव्यांग आवेदक तक आवेदन लेने पहुंची एसडीएम

# जपं सोहागपुर में हुई जन सुनवाई जन समस्याओं का निराकरण किया

जनपद पंचायत सोहागपुर में मंगलवार को जनसुनवाइ में एसडीएम द्वारा आमजनों की प्राप्त 17 शिकायतों का निराकरण किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



जपं सभागार में मंगलवार को जन सुनवाई आयोजित की गई। जिसमें नागरिकों ने विविध समस्याओं के निराकरण के लिये 17 आवेदन दिये हैं। भुरिया बाई घासीराम अहिरवार सुभाष वार्ड सोहागपुर ने आवास योजना का लाभ नहीं मिलने की शिकायत की है। आवेदकों गुल्लू, मंगल, राकेश गांधी आदि निवासी जमनी टोला के आवेदन अनुसार दो वर्ष पहले प्रधान मंत्री आवास योजना के घर बनाए थे। लेकिन बारिश से आसपास मिट्टी कटाव से मकान धंसक सकते हैं। मिट्टी का कटाव रोकने की मांग आवेदकों ने की है। सुन्दरलाल चुन्नीलाल प्रजापति ग्राम सौंसारखेड़ा तथा महेश भगवत सिंह निवासी ग्राम सांकला ने समर्थन मूल्य पर बेचे गए गेहूं का भुगतान नहीं मिलने की शिकायत की है। बंदीछोड़ पिपरिया निवासी आवेदकों वीरसिंह, संतोष व केशर सिंह ने आवेदन में उल्लेख किया है कि ग्राम में खसरा नंबर 43 व खसरा नंबर 107 स्थित शासकीय रास्ता बंद होने से कृषि कार्य मुश्किल है। ग्रामीणों ने रास्ता खुलवाने की मांग की है। मीना रघुवंशी पिता मोहन सिंह रघुवंशी ने गौंड़ीखेड़ी ग्राम की भूमि का नक्शा दुरुस्ती की मांग की है।

सुमन भाई, राजेश, मुकेश रघुवंशी, सपना आदि निवासी लाडसपुरा सोहागपुर ने उल्लेख किया है कि जयमल कालोनी में सरकारी नाला बनाने के दौरान इस पर नगर परिषद ने पुलिया का निर्माण किया था। कालोनी वासियों ने फेंसिंग लगाकर रास्ता बंद कर दिया है। नागरिकों ने रास्ता खोलने की मांग की है। पुष्पराज कुशवाहा सरदार वार्ड सोहागपुर ने शिकायत की है कि उनके मोहल्ले में नगर परिषद ने रोड बनाई। लेकिन आवेदक के घर के सामने रोड एवं नाली अधूरी छोड़ने से गंदा पानी घर में आता है। नीरा रजक ने आवास योजना के लाभ की, दिव्यांग सुरेंद्र किरार ने व्हीलचेयर की तथा नरेश रजक अंबेडकर वार्ड ने मकान के पट्टे की मांग की है। रामकरण रघुवंशी ने नवलगांव में खराब डीपी बदलने की मांग की है। जितेंद्र डोंगरे ने बिजली बिल अधिक आने की शिकायत की है।

#### एसडीएम स्वयं पहुंची आवेदक के पास

इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान एक दिव्यांग से आवेदन लेने एसडीएम प्रियंका भल्लावी आवेदक तक पहुंची।

#### विधवा महिला को पुत्र दे रहा मकान बेचने की धमकी

जनसुनवाइ के दौरान एक शिकाय प्राप्त हुइ, जिसमें आवेदिका सीता बाई पत्नि स्व. मोहन सिंह के अनुसार उनका पलाश परिसर स्थित घर पुत्र सुनील के नाम पर है, जो भोपाल में पत्नि-बच्चों के साथ रहता है और मां को घर से निकलने का कहते हुए घर बेचने की धमकी देता है। करीब 60 वर्षीय मां की मासिक आय मात्र 600 रुपये है। आवेदिका ने जनसुनवाई में आवेदन देकर मांग की है कि मकान उसके नाम पर किया जाए, ताकि वह अपने मकान में रह सकें।

#### जनसुनवाई के बाद हुइ छात्रावास की जांच मिला घटिया निर्माण



**पिपरिया।** जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत बीजनवाडा के डबल लाक के पास पी आई यू लोक निर्माण विभाग द्वारा किसी ठेकेदार को निर्माण कार्य सबसे कम दर पर दिया गया था। ठेकेदार के द्वारा संबंधित सभी मजदूरों का चौकिदार का भी भुगतान नहीं किया गया है। तथा सबसे ज्यादा घटिया निर्माण कार्य किया गया है। मंगलवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान तहसीलदार वैभव बैरागी को जनसुनवाई में नर्मदा प्रसाद मेहरा के द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत की जांच अनुविभागीय अधिकारी एवं सहायक यंत्री आर,ई,एस की टीम द्वारा की गइ थी।

## न्यायालय के खिलाफ सोशल मीडिया पोस्ट पर पुलिस सख्त

### सजा के बाद की गई आपत्तिजनक टिप्पणियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

चार वर्ष पुराने चर्चित मॉब लिंचिंग प्रकरण में 14 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने के बाद सोशल मीडिया पर न्यायालय और न्यायाधीश के खिलाफ की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों को लेकर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले में दो अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई है।

#### शिकायत के बाद दर्ज हुआ मामला

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, कुछ सोशल मीडिया अकाउंट्स से न्यायाधीश के संबंध में अभद्र एवं आपत्तिजनक टिप्पणियां प्रसारित की जा रही थीं। इसके अलावा कुछ पोस्ट और सामग्री ऐसी भी पाई गई, जिन्हें धार्मिक भावनाएं भड़काने वाला माना गया।

शिकायत प्राप्त होने तथा प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस ने दो अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

#### तकनीकी जांच के जरिए होगी पहचान

थाना प्रभारी सुधाकर बारसकर ने बताया कि संबंधित सोशल मीडिया अकाउंट्स और पोस्ट की जांच की जा रही है। तकनीकी माध्यमों की सहायता से पोस्ट करने वालों की पहचान की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पहचान होने के बाद आरोपियों के खिलाफ आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

#### विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज किया गया प्रकरण

पुलिस के अनुसार, आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 302, 224 एवं 196(1) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। मामले की जांच जारी है और पुलिस सभी पहलुओं की पड़ताल कर रही है।

#### सोशल मीडिया पर संयम बरतने की अपील

एसडीओपी महेंद्र सिंह चौहान ने नागरिकों से सोशल मीडिया का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि न्यायालय की गरिमा को प्रभावित करने वाली, किसी समुदाय की धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाली अथवा सामाजिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाने वाली सामग्री पोस्ट या साझा करने से बचना चाहिए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि इस प्रकार की आपत्तिजनक सामग्री का प्रसारण करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस लगातार सोशल मीडिया गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है और मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

## डॉ. मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपा ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

भाजपा ने मंगलवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर विधायक निवास सोहागपुर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम किया। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण किया एवं पुष्पांजलि अर्पित की।

#### डॉ मुखर्जी जनसेवा का प्रतीकः मंडलाध्यक्ष

भाजपा सोहागपुर मंडलाध्यक्ष अश्वनी सरोज ने बताया कि वक्ताओं ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का जीवन राष्ट्रवाद, एकात्मता एवं जनसेवा का प्रतीक है। उनका बलिदान देश की एकता और अखंडता के लिये सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा। इस दौरान



नपाध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल, नप उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, मंडलाध्यक्ष अश्वनी सरोज, पार्षद आशीष विश्वकर्मा, मंडल महामंत्री ऋषभ गढ़वाल एवं घनश्याम रघुवंशी सहित भाजपा पदाधिकारी, पार्टी के वरिष्ठजन तथा कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

#### बानापुरा में प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन, बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता रहे उपस्थित




भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक एवं देश की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले महान राष्ट्रनायक श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल सिवनी मालवा द्वारा बानापुरा स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

#### डॉ. मुखर्जी के राष्ट्रवादी विचारों को किया याद

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान के विरोध में संघर्ष करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया।

#### जिला अध्यक्ष सहित कई वरिष्ठ नेता रहे मौजूद

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में भाजपा नर्मदापुरम जिला अध्यक्ष आदरणीय श्रीमती प्रीति शुक्ला, नगर मंडल अध्यक्ष नीरज तिवारी,पूर्व जिला महामंत्री श्री रघुवीर सिंह राजपूत, भाजपा वरिष्ठ नेता श्री दिलीप अग्रवाल, महिला मोर्चा जिला महामंत्री श्रीमती मालती गौर, श्री राजेश बथाव, नगर मंडल महामंत्री श्री तुषार लोवंशी, श्री अतुल बकोरिया, श्री चन्द्रकांत कुशवाह, श्री मनोज कपिल, श्री अनुज वर्मा, श्री अशोक धाकड़, श्री गब्बर यदुवंशी एवं श्री अनिल सेन सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ग्राम खापरखेड़ा में बिजली विभाग की मनमानी पर नागरिकों ने किया घेराव, ज्ञापन सौंपा

### मनमाने तरीके से बिल वसूल करता है विभाग, नागरिक हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों में नगरपालिका परिषद क्षेत्र में उपमहाप्रबंधक दिनेश भदौरिया की पदस्थापना होने से किसानों को पानी नहीं मिल रहा है। क्यों कि प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पहले कटौती की जाती थी। लेकिन अभी वर्तमान में वगैर अनुमति वगैर सूचना पर ही अधिकारी कर्मचारी अपनी मनमानी कर लगातार कटौती कर रहे हैं।

ग्राम पंचायत खापरखेड़ा के सैंकड़ों लोगों ने महिलाओं सहित बिजली विभाग का घिराव किया गया। ज्ञापन में बताया गया है कि पांच दिन से बिजली नहीं मिल रही



है। जिसके कारण आक्रोशित ग्रामीणों। सरपंच सुलभ गोदानी के द्वारा भी लगातार लाईन को लेकर प्रयास किया गया है। पंचायत के निवासी लोगों ने अपनी बात कही है।कि यदि 24/6/26तक कोई कार्यवाही नहीं हुई तो खापरखेड़ा बस स्टैंड पर सैंकड़ों लोग आत्मदास करेंगे। जिसके जवाबदारी उपमहाप्रबंधक बिजली विभाग की होगी।इस विषय पर उपमहाप्रबंधक दिनेश भदौरिया ने बताया कि लाखों रुपए विल वकाया किसानों ने पैसे जमा नहीं किया गया है। बिल की 10%राशि जमा कराए जाने हेतु नोटिस जारी किए गए हैं।

## गायब रहते हैं बाजार बीट से पुलिसकर्मी अवैध पार्किंग से बदहाल बाज़ार व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर शहर के बाज़ार में पुलिस द्वारा हाईवे पर यातायात के सुव्यवस्थित प्रबंधन के लिए क्षेत्र में पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। लेकिन नागरिक बताते हैं कि दोनों पुलिसकर्मी प्रायः पान के टपों या चाय की गुमठियों पर खड़े रहते हैं। बाजार बीट में उनकी ड्यूटी बस इतनी ही रहती है। ये कर्मचारी बाजार में बिगड़ी यातायात व्यवस्था के सुधार के लिए प्रयास करते नजर ही नहीं आते हैं। जिसके कारण प्रतिदिन बार-बार स्टेट हाईवे पर शहर में जाम लगता है। स्टेट हाईवे किनारे चौपहिया, तिपहिया व दोपहिया वाहनों की अवैध पार्किंग के कारण यह परेशानी होती है। नागरिकों ने थाना प्रभारी तथा



एसडीओपी से अपेक्षा की है कि कर्मचारियों की मनमानी पर नकल कसें तथा अवैध पार्किंग पर रैक लगवाएं।

#### बाईपास एकमात्र विकल्प

नागरिकों का कहना है कि पिछले डेढ़ दशक से अधिक समय से सोहागपुर शहर से बाहर बाईपास निर्माण की मांग चल रही है। वर्ष 2008 में लोक निर्माण विभाग के द्वारा बाईपास के लिए सर्वे भी किया गया था। सर्वे का नक्शा भी जनता के बीच काफी पहले मीडिया द्वारा उजागर कर दिया गया है। लेकिन इसके बाद भी शासन तथा प्रशासन बाईपास निर्माण के लिए कुछ नहीं कर पा रहे हैं। अब जनता को अपेक्षा है कि सांसद तथा विधायक के प्रयासों से जो फोरलेन स्वीकृत हुआ है, उसका निर्माण ही शीघ्र प्रारंभ हो। ताकि रोजाना जाम की बाधा से क्षेत्रवासियों को सदैव के लिये छुटकारा मिल सके।

### खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई, किया औचक निरीक्षण

**नर्मदापुरम।** खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंगलवार को रसूलिया क्षेत्र में खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री कमलेश एस. दियावार द्वारा विभिन्न खाद्य दुकानों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा संबंधित प्रतिष्ठान को नोटिस जारी करते हुए प्रकरण दर्ज किया गया।

इसके अतिरिक्त निधि डिपार्टमेंटल स्टोर का भी निरीक्षण किया गया।

## सिवनीमालवा में धूमधाम से मना माहेश्वरी समाज वंशोत्पत्ति दिवस महेश नवमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

माहेश्वरी समाज का वंशोत्पत्ति दिवस महेश नवमी मंगलवार को नगर में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य आयोजन सीताराम मंदिर में किया गया।

सुबह भगवान महेश के चित्रपट को फूलों से सजी बग्गी में विराजमान कर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। ड्रेस कोड में महिलाएं एक जैसी साड़ी और पुरुष सफेद कुर्ता-पायजामा व बेच लगाकर शामिल हुए। ढोल-बाजों के साथ निकली शोभायात्रा कल्लू चौक, देवी मंदिर, नर्मदा मंदिर, राधावल्लभ मंदिर होते हुए सीताराम



मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया।

शोभायात्रा में भारत माता की जय₹, वंदे मातरम, स्वदेशी अपनाएं देश की मुद्रा बचाएं₹, ₹पर्यावरण बचाएं पेड़ लगाएं₹, ₹जल का संरक्षण करें₹, ₹घर-घर गूंजे यही पुकार भगवान महेश की जय जयकार₹ जैसे नारे गूंजते रहे।

माहेश्वरी महिला मंडल की अध्यक्ष नीरू राठी ने कहा, ₹सर्वप्रथम हम हिंदू हैं। हमारी एकजुटता से ही राष्ट्र मजबूत होगा। पूरे देश में माहेश्वरी समाज की जनसंख्या लगभग 8 लाख है, लेकिन देश की जीडीपी में हमारा योगदान 10% है। देश सेवा-समाज सेवा ही हमारी पहचान और संस्कार है। मंदिर पहुंचकर भगवान महेश का महाअभिषेक किया गया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों एवं महिलाओं ने नृत्य-नाटक प्रस्तुत किए। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

#### समाजसेवी विनीत राठी का सम्मान

उत्कर्ष समाज सेवा के लिए सक्रिय समाजसेवी एवं पत्रकार विनीत राठी को सामाजिक बंधुओं द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन महिला मंडल जिला उपाध्यक्ष सुनीता सारडा ने किया एवं आभार समाज अध्यक्ष पी डी सारडा ने माना।

#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर नीरू राठी, सुनीता सारडा, शीला सारडा, शीला खडलोया, प्रेमलता तोषनीवाल, ऊषा सारडा, वर्षा सारडा, उषा साबू, स्वाति माहेश्वरी, रेणु राठी, लक्ष्मी टावरी, कविता खडलोया, प्रियंका सारडा, पुनीता सारडा श्वेता साबू नीतिका सारडा सुनीता तोषनीवाल श्वेता खडलोया पूजा खडलोया खुशबू सारडा सविता टावरी सहित युवा मंडल एवं बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन महाआरती एवं प्रसादी वितरण के साथ हुआ

### सोहागपुर पुलिस की सक्रियता एवं सूझबूझ से वापस मिले गहने

# पुलिस ने दिखाई तत्परता, वापस मिले जेवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर पुलिस की सक्रियता एवं सूझबूझ के चलते ब्लॉक निवासी एक महिला को उसका खोया हुआ सोने का जेवर वापस मिल गया है। उक्त घटना रविवार की बताई जाती है।

सोहागपुर थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी द्वारा जारी प्रेसनोट के अनुसार ग्राम गूजरखेड़ी निवासी रिंकी पटेल पति पुष्पराज पटेल 21 जून 2026 को अपने बच्चों के साथ सोहागपुर के मंगल भवन पार्क घूमने गई थी। इसी दौरान उनके गले में पहनी हुई लगभग डेढ़ तोला वजनी सोने की मनचली टूटकर पार्क में कहीं गिर गई। आभूषण गुम



होने की सूचना रिंकी पटेल द्वारा थाना सोहागपुर में दी गई। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस ने तत्काल खोजबीन शुरू की।

इस दौरान जानकारी मिली कि सोने की मनचली नगर के अंबेडकर वार्ड निवासी काजल दोहरे को पार्क परिसर में मिली थी। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद आभूषण को सुरक्षित रूप से पाकर उसकी वास्तविक स्वामिनी रिंकी पटेल को सुपुर्द कर दिया। अपना खोया हुआ कीमती आभूषण वापस मिलने पर रिंकी पटेल ने सोहागपुर पुलिस एवं काजल दोहरे का आभार व्यक्त किया।

#### पुलिस की रही महत्वपूर्ण भूमिका

कार्रवाई में थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी के नेतृत्व में उपनिरीक्षक राजेंद्र सिंह कुशवाह, सहायक उप निरीक्षक गणेश राय, प्रधान आरक्षक केके ठाकुर, आरक्षक मनोहर दायमा, अफसर खान, महिला आरक्षक नेहा रघुवंशी एवं मनजू परते की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## स्वस्थ बच्चा, स्वस्थ भविष्यः आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों ने योग किया

### महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ियों में आयोजित किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना सिवनी मालवा के अंतर्गत सेक्टर सतवासा में बच्चों को प्रतिदिन योग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को आंगनबाड़ी केंद्र बघवाड़ा-3 में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रभारी परियोजना अधिकारी श्रीमती सुचित्रा राजावत ने बच्चों के साथ योगाभ्यास किया।

#### शारिरिक व मानसिक विकास के लिए आवश्यक

इस अवसर पर राजावत ने कहा कि बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए योग अत्यंत आवश्यक है। वर्तमान समय में बच्चों की दिनचर्या मोबाइल और टीवी तक सीमित होती जा रही है, जिससे उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे में नियमित योग बच्चों को स्वस्थ, सक्रिय और अनुशासित बनाने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने बताया कि योग से बच्चों की एकाग्रता बढ़ती है, शरीर मजबूत होता है तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है। साथ ही योग तनाव कम करने, आत्मविश्वास विकसित करने और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए भी प्रेरित करता है। बचपन से ही योग को दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाना बच्चों के बेहतर भविष्य की मजबूत नींव तैयार करता है।

#### कार्यक्रम स्वस्थ बच्चा, स्वस्थ भविष्य योग है इसका आधार

थीम के तहत आयोजित किया गया। इस दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता दुर्गा रघुवंशी, सहायिका संगीता कलोसिया, सोनिका गोहिया, राधा लोवंशी, सुनैना असवारे सहित बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित रहे। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बच्चों में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ऐसे आयोजन नियमित रूप से किए जा रहे हैं।

### 89 हजार से अधिक आवेदनों का निराकरण

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरु के. के निर्देशानुसार जिले में 5 जून पर्यावरण दिवस से 21 जून विश्व योग दिवस तक जनकल्याण अभियान संचालित किया गया। अभियान के तहत जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में जनकल्याण शिविर आयोजित कर आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया गया तथा पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया गया।

**खबर संक्षेप**

## जिले में चल रहा राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान

**हरदा।** देशव्यापी पांडुलिपि सर्वेक्षण, सूचीकरण एवं डिजिटलीकरण अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत जिले में उपलब्ध ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व की पांडुलिपियों का सर्वेक्षण, संरक्षण एवं डिजिटलीकरण किया जा रहा है। जिले में अब तक 47 पांडुलिपियां पोर्टल पर अपलोड की जा चुकी हैं। अभियान का उद्देश्य ज्ञान भारतम पोर्टल एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म पर प्राचीन पांडुलिपियों का डाटा संकलित कर देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना है। अभियान की विशेषता यह है कि ज्ञान भारतम् एप के माध्यम से कोई भी नागरिक, संस्था, मंदिर, आश्रम, पुस्तकालय, शिक्षण संस्थान अथवा निजी संग्रहकर्ता स्वयं अपनी पांडुलिपियों का सर्वे कर सकता है। मोबाइल एप के जरिए पांडुलिपियों की जानकारी, फोटो एवं अन्य आवश्यक विवरण अपलोड कर सीधे इस अभियान से जुड़ा जा सकता है, जिससे दुर्लभ पांडुलिपियों का व्यापक दस्तावेजीकरण संभव हो सकेगा।

## 28 से राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान

**हरदा।** जिले में 28 से 30 जून तक राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत पांच वर्ष तक की आयु के 69 हजार 24 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए जिले में 674 पोलियो बूथ बनाए गए हैं। अभियान के प्रथम दिन सभी बूथों पर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी, जबकि अगले दो दिनों तक स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर पहुंचकर छूटे हुए बच्चों को खुराक देंगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने बताया कि सभी तैयारियां समय रहते पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि कोई भी बच्चा पोलियो की दवा से वंचित न रहे। जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं आंगनबाड़ियों में बूथ स्थापित किए जाएंगे। साथ ही ट्रांजिट टीमें विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर बच्चों को दवा पिलाएंगी। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. एम.के. चौरे ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने पांच वर्ष तक की आयु के बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं।

## 28 से राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान

**सीहोर।** जिले में 28 जून से 30 जून तक राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान संचालित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के जिले के 1,82,084 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान के प्रथम दिवस में सभी बूथों पर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी, जबकि आगामी दो दिनों तक विभाग की टीमें घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी। सीएमएचओ डॉ सुधीर डेहरिया ने बताया कि सभी विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देश दिए कि गए हैं कि अभियान संबंधी सभी तैयारियां समयपूर्व सुनिश्चित कर ली जाएं और पोलियो की खुराक से एक भी बच्चा न छूटे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला अस्पताल, सभी सिविल अस्पतालों, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनबाड़ियों पर बूथ स्थापित कर बच्चों को पोलियों खुराक पिलाई जाएगी। इसके अलावा ट्रांजिट टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर छूटे हुए बच्चों को दवा पिलाई जाएगी।

## 5 आयुष्मान आरोग्य मंदिर एनक्यूएएस प्रमाणित

**सीहोर।** एनएचआरसी दिल्ली द्वारा जिले के बमूलिया, मुगाली, पांगरा, बागेर और नौगांव के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को एनक्यूएएस प्रमाणित किया गया है। एनक्यूएएस की टीम द्वारा इन स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया गया था। टीम द्वारा केंद्र में संचालित सेवाओं एवं संपूर्ण केंद्र की मानक जांच की गई। जांच के दौरान केंद्र में सभी स्वास्थ्य सेंवाएं गुणवत्तपूर्ण ढ़गं से संचालित पाई गईं। सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया सभी स्वास्थ्य संस्थाएं शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों का पालन करते हुए कार्य कर रही हैं।

### जिला पंचायत सभाकक्ष में जनसुनवाई का आयोजन किया गया

# कलेक्टर ने सुनी नागरिकों की समस्याएं अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अंजली जोसेफ जोनाथन, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय एवं रजनी वर्मा, एसडीएम अशोक डहेरिया, एसडीएम शिवांगी बघेल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

जनसुनवाई में ग्राम पचौला निवासी गोपाल प्रसाद ने गल्ला पर्ची में बीपीएल क्रमांक दर्ज कराने के लिए आवेदन दिया, जिस पर जिला आपूर्ति अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। हरदा निवासी आयुष शुक्ला ने ग्राम पचौला की वन भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत की, जिस पर वनमंडलाधिकारी को जांच कर कार्रवाई करने को कहा गया। ग्राम गोंदागांवखुर्द के ग्रामीणों ने बंदरों के आतंक से राहत दिलाने की मांग की, जबकि ग्राम गेंदाढाना निवासी अमरसिंह और बिच्छापुर निवासी कोमलबाई ने खेती के लिए खाद नहीं मिलने की शिकायत दर्ज कराई। दतिया निवासी नैनसी सोलंकी ने उत्कृष्ट विद्यालय में कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

### कलेक्टर ने की समीक्षा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को जिले में उर्वरक की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी पात्र किसान उर्वरक प्राप्त करने से वंचित न रहे। उन्होंने विशेष रूप से जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में उर्वरक वितरण व्यवस्था पर ध्यान देने और किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में कृषि, सहकारिता एवं मार्केटिंग फेडरेशन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### जनसुनवाई में थाली बजकर पहुंचे ग्रामीण अतिक्रमण की शिकायत की

जिले की हंडिया तहसील के ग्राम पंचायत कोलीपुरा के ग्रामीणों ने मंगलवार को जिला पंचायत में आयोजित जनसुनवाई में अनोखा प्रदर्शन किया। सरपंच शिवनारायण देवड़ा के नेतृत्व में करीब दो दर्जन ग्रामीण थाली बजाते हुए पहुंचे और पंचायत भवन की भूमि पर अतिक्रमण का विरोध जताया। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत भवन के लिए आवंटित भूमि पर गांव के कुछ लोगों ने दोबारा अतिक्रमण कर लिया है। पूर्व में हंडिया तहसीलदार ने इस अतिक्रमण को हटवाया था, लेकिन अब यह फिर से हो गया है। सरपंच शिवनारायण देवड़ा ने बताया कि संतोष, महेश पिता हेमराज और शांताबाई बेवा हेमराज निवासी ग्राम कोलीपुरा पर शासकीय पंचायत भवन के लिए प्रस्तावित भूमि पर अवैध अतिक्रमण कर भवन निर्माण का प्रयास करने का आरोप है। इस अतिक्रमण के कारण पंचायत भवन का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पा रहा है, जबकि इसके लिए शासन से राशि स्वीकृत हो चुकी है। इस मामले को लेकर एसडीएम अशोक कुमार डेहरिया ने तत्काल कार्रवाई कर अतिक्रमण करने वालों को बेदखल करने का आश्वासन दिया है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि विगत चार-पांच महीने से ग्राम पंचायत कोलीपुरा में सचिव का पद रिक्त है, जिससे ग्राम पंचायत के कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं।



### सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया

# मोहर्रम को लेकर पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में कराने के उद्देश्य से मंगलवार शाम को पुलिस प्रशासन ने कोतवाली क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान पुलिस अधिकारियों और जवानों ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस टीम ने क्षेत्र के कई संवेदनशील स्थानों पर पैदल मार्च किया। अधिकारियों ने लोगों से संवाद स्थापित कर आपसी भाईचारा बनाए रखने और मोहर्रम पर्व को शांति व सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। फ्लैग मार्च पुलिस कंट्रोल रूम से शुरू होकर राठी पेट्रोल पंप, इमलीपुरा, जत्रापड़ाव, पुरानी सब्जी मंडी, घंटाघर, जामा मस्जिद, चांडक चौक और नारायण टॉकीज होते हुए वापस कंट्रोल रूम पहुंचा। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने असामाजिक तत्वों को चेतावनी दी कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने बताया कि पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं और संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। इस पैदल मार्च में एएसपी अमित कुमार मिश्रा, एसडीओपी शालिनी परस्ते, टीआई रोशनलाल भारती, आरएस तिवारी, डीएसपी अरुणा सिंह, आरआई रजनी सिंह गुर्जर, सूबेदार उमेश ठाकुर सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी शामिल थे। पुलिस की इस सक्रियता से स्थानीय लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई और उन्होंने पुलिस प्रशासन के प्रयासों की सराहना की। पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील भी की।

## लाड़कुई से भैरूंदा जा रहे दो युवक बाइक लेकर खड़ी ट्रॉली में घुसे, एक की मौत एक घायल

**भैरूंदा।** लाड़कुई से भैरूंदा जा रहे बाइक सवार दो युवक बिजला जोड पर खड़ी ट्राली में बाइक लेकर घुस गए, टक्कर इतनी जोरदार हुई थी जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल है जिसका उपचार जारी है,घटना रविवार की देर रात की बताई जा रही है। सुआपानी के निवासी विष्णु व आदित्य लाड़कुई से भैरूंदा की ओर जा रहे थे, जहां बिजला जोड़ स्थित सड़क मार्ग पर खड़ी ट्राली में बाइक सवार जा घुसे, टक्कर इतनी जोरदार लगी कि विष्णु नाम युवक की सिर में गहरी चोट लगने से मौके पर ही दम तोड़ दिया।

### फफूंद, कीटनाशक व राइजोबियम से बीज उपचार की सलाह

# खेत बचाओ अभियान: जैविक उर्वरकों व संतुलित पोषण पर जोर दिया, विकल्पों की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव



बरकला एवं पानतलाई में दलहन निदेशालय भोपाल के संचालक डॉ. महेश कुमार ने खेत बचाओ अभियान के तहत भ्रमण कर किसानों को उन्नत खेती और दलहन उत्पादन बढ़ाने के संबंध में मार्गदर्शन दिया। इस दौरान ग्राम बरकला के सरपंच संतोष रायखेरे एवं ग्राम पानतलाई के उपसरपंच संतोष गौर उपस्थित रहे। डॉ. महेश कुमार ने किसानों को कम मात्रा में रासायनिक उर्वरकों के उपयोग तथा उनके विकल्प अपनाने की सलाह देते हुए उच्च गुणवत्ता वाले पांच वर्ष से कम अवधि के बीजों के उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने बीज बुवाई से पूर्व उचित मात्रा में बीजोपचार कर समय पर कतार पद्धति से बोनी करने की सलाह दी। साथ ही जैविक उर्वरकों, हरी खाद, गोबर की खाद एवं वर्मी कम्पोस्ट के उपयोग के महत्व पर विशेष प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एल-नीनो के संभावित दुष्प्रभावों से बचाव के लिए कम अवधि वाली फसलों एवं सहफसली खेती को अपनाना चाहिए। किसानों को मृदा परीक्षण कराने और मृदा स्वास्थ्य कार्ड बनवाने की सलाह देते हुए संतुलित मात्रा में उर्वरकों का उपयोग करने तथा रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध प्रयोग से बचने की अपील की। साथ ही फफूंदनाशक, कीटनाशक एवं राइजोबियम से बीज उपचार करने की सलाह दी।

उन्होंने बताया कि कृषि क्षेत्र में निरंतर अनुसंधान हो रहे हैं और नई-नई उन्नत किस्में विकसित की जा रही हैं, इसलिए किसानों को आठ वर्ष से अधिक पुरानी किस्मों का उपयोग नहीं करना चाहिए। इसके अलावा एफपीओ और बीज उत्पादक समितियों के गठन पर भी जोर दिया गया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के मृदा वैज्ञानिक डॉ. रूपचंद जाटव ने प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, जैविक उर्वरक निर्माण, जीवामृत और बीजामृत के उपयोग की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी वीरेंद्र कुमार साहू ने किया। सहायक संचालक कृषि रामकृष्ण मंडलोई ने आभार व्यक्त किया।

### भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक संपन्न

# समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीदी की मात्रा निर्धारित न होने पर आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



भारतीय किसान संघ (भाकिसं) जिला हरदा की मासिक बैठक मंगलवार को बलराम सभागृह कृषि उपज मंडी में हुई। जिला प्रभारी सर्वज्ञ दीवान की उपस्थिति में हुई इस बैठक में मूंग की समर्थन मूल्य पर खरीदी की मात्रा निर्धारित न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई। बैठक में बताया गया कि राज्य सरकार ने केंद्र को पत्र लिखकर 12 क्विंटल प्रति हेक्टेयर के हिसाब से मूंग खरीदी की अनुमति मांगी है। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बाड़ी में आयोजित कार्यक्रम में इसकी घोषणा भी की थी। हालांकि, अभी तक खरीदी की मात्रा स्पष्ट नहीं की गई है। भाकिसं ने चेतावनी दी कि यदि आठ दिनों के भीतर खरीदी की मात्रा स्पष्ट नहीं की गई, तो संघ एक बड़ा आंदोलन करेगा, जिसकी पूरी जवाबदेही शासन-प्रशासन की होगी। संघ ने 2025 की सोयाबीन बीमा राशि के शीघ्र भुगतान की मांग भी की। बताया गया कि बीमा राशि स्वीकृत हो चुकी है, लेकिन किसानों को अभी तक प्राप्त नहीं हुई है। खाद की उपलब्धता पर भी चर्चा हुई। किसानों को ई-टोकन व्यवस्था को सरल करते हुए पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने की मांग की गई। मोरंड गंजाल संयुक्त सिंचाई परियोजना के संबंध में राज्य शासन द्वारा बताया गया कि परियोजना स्वीकृत हो चुकी है। शेष खामियों को एक-दो माह में दूर कर निर्माण कार्य में तेजी लाई जाएगी। बैठक में जिला प्रभारी सर्वज्ञ दीवान, जिलाध्यक्ष महेश शर्मा, प्रदेश मंत्री योगेंद्र भांभू, प्रांत उपाध्यक्ष नरेंद्र दोगने, संभाग अध्यक्ष विनोद पाटिल, आनंद राम किरार, हरिशंकर सारण, राजेंद्र बांके, बृजमोहन राठौर, कैलाश जलावड़ा, विष्णु गौर, बालक दास छापरे, राजनारायण गौर, दीपचंद नवाद, विनय यादव, दीपक पटेल, सियाराम गौर, नारायण मातमा, विजेश मुकाती, संतोष गौर, रामकृष्ण कुशवाह और रेवा शंकर दोगने, रमेश जलवाणिया सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### भाजपा नेताओं और पदाधिकारियों ने दी श्रद्धांजलि

# डॉ. मुखर्जी का 73वां बलिदान दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



मंगलवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 73वें बलिदान दिवस पर भाजपा नेताओं और पदाधिकारियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। यह कार्यक्रम शहर के वार्ड क्रमांक 18 स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी उद्यान में प्रतिमा पर और भाजपा कार्यालय में आयोजित किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सिंह वर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अनुच्छेद 370 का हटना डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने जिस सपने के लिए बलिदान दिया था, वह आज सार्थक हुआ है। वर्मा ने आगे कहा कि डॉ. मुखर्जी ने जिस सोच और भावना से जनसंघ की स्थापना की, भाजपा के करोड़ों कार्यकर्ता उसी भावना से भारत को आगे बढ़ाने में जुटे हैं।

### साहित्य की काव्य गोष्ठी में कविताओं का रस बरसा

# झुलस रहा तन-बदन धरा का, मेघ नहीं क्यों बरस रहे : रतन सोलंकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



मध्य प्रदेश लेखक संघ जिला इकाई हरदा की जून माह की मासिक साहित्य गोष्ठी आयोजित की गई। मुख्य अतिथि ग़ज़लकार मंसूर अली मंसूर, नरेंद्र वर्मा तथा विशिष्ट अतिथि मनमोहन व्यास उपस्थित रहे। अध्यक्षता जिला इकाई अध्यक्ष सुभाष सिटोके ने की। वरिष्ठ संरक्षक गौरीशंकर मुकाती एवं प्रो. प्रभुशंकर शुक्ल भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का सचिव त्रिलोक शर्मा ने किया तथा सरस्वती वंदना सुभाष सिटोके ने प्रस्तुत की। रतन सिंह सोलंकी ने झुलस रहा तन-बदन धरा का, मेघ नहीं क्यों बरस रहे सुनाया, वहीं सतीष कपोले की पंक्तियां खारे पानी का सफर है, खानपान साथ रखना श्रोताओं को खूब भायीं। शिरीष अग्रवाल ने बोल इश्क़ का बुलावा दे दूं, लाल रंग का पहनावा दे दूं प्रस्तुत कर प्रेम रस बिखेरा, जबकि मनमोहन व्यास ने कह दो सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा है से राष्ट्रभावना जगाई। बालकवि दुहित गौर की पंक्तियां हमारे राम की पूजा जगत यूं ही नहीं करता, पिता का दर्द जो समझे वही श्रीराम होता है और मंसूर अली मंसूर का शेर वो जो छत पर अगर नहीं आता, चांद सबको नज़र नहीं आता विशेष सराहे गए। लोमेश गौर ने हाथी के दांत जैसे हैं किरदार तुम्हारे, खाने के अलग और दिखाने के अलग हैं व्यंग्य प्रस्तुत किया।

### प्रशासनिक कसावट और शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आएगी

# प्रशासनिक और पंचायती राज संस्थाओं की कमान युवा अधिकारियों के हाथों में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या







इस आदिवासी अंचल में प्रशासनिक और पंचायती राज संस्थाओं की कमान युवा अधिकारियों के हाथों में है। जिससे प्रशासनिक कसावट और शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आयेगी। वहीं कतिपय ग्राम पंचायतों की विवादास्पद-कार्यप्रणाली और विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों के अप-डाउन पर भी अंकुश लगेगा।एसडीएम भीकनगांव लोकेश छापरे ने बताया कि इस आदिवासी अंचल में विकास के लिए कई योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है। लेकिन जागरूकता और अशिक्षा के कारण वे इनका पूरी तरह लाभ नहीं ले पाते हैं। अतः दूरदराज के गांवों में विभिन्न विभागों के शिविरों के आयोजन से काफी सकारात्मक-परिणाम मिल रहें हैं। शासकीय कर्मी और अधिकारियों की ह्लअप-डाउनह्व की मनोवृत्ति से जरुरतमंदों को शासकीय योजनाओं का अपेक्षित लाभ नहीं मिल रहा है। जिससे विकास के पहियों को रफ़्तार नहीं मिल सकी है। एक सवाल के जबाब में एसडीएम छापरे ने बताया कि उन्हें जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न -विभागों में उक्त आशय की शिकायतें की है।वे इस मामले में आवश्यक कदम उठावेंगे। तहसीलदार खुमानसिंह चौहान ने बताया कि नवनिर्मित संयुक्त तहसील-भवन में पूरा राजस्व-अमला ग्रामीणों की समस्याएं हल कर रहा है। इनमें नायब तहसीलदार राजेश बरडे,राजस्व निरीक्षक,पटवारी आदि हैं। उन्होंने कहा कि कुछ पटवारियों के मुख्यालयों पर आवास नहीं करने पर उन्हें सख्त निर्देश दिए गए हैं।

### और भी मिलेगी सुविधाएं

सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने यहां नवनिर्मित संयुक्त तहसील भवन में प्रति सप्ताह दो दिन एसडीएम और उपपंजीयक-कार्यालय संचालित करने के निर्देश दिए हैं। जिसके मूर्तरूप लेने का ग्रामीणजन इंतजार का रहें हैं। जिससे दूरदराज एवं वनक्षेत्रों के लोगों का धन एवं समय के अपव्यय से राहत मिल सकेगी।

### बेलगाम ग्राम पंचायतें बनी चुनौती

यहां नवागत सीईओ सीमा अंसारी के लिए अधिकांश ग्राम पंचायतों की कार्यप्रणाली चुनौती के रूप में है। जहां रोजगारमूलक कार्यों का स्थान जेसीबी-मशीनें ले चुकी है,वहीँ श्रमिक वर्ग अन्य प्रान्तों एवं शहरों की ओर पलायन कर रहें हैं। वहीं,सोशल-मीडिया पर बहुचर्चित एक कर्मी के निज निवास की गतिविधियां चर्चाओं में हैं। कमोबेश,यही स्थति वर्षो से सीइओ-निवासकी भी रही है। सीईओ अंसारी ने बताया कि कई समस्याएं उनकी जानकारी में आई है और वे जनपद-कार्यालय में ग्रामीणों और सरपंच,सचिवों एवं रोजगार सहायकों की समस्याएं हल कर रही है।

### कानून-व्यवस्था संतोषजनक

एसडीओ (पुलिस) भीकनगांव के पद पर कार्यरत राकेश आर्य युवा है और उन्होंने अपराधों पर नियंत्रण के लिए कारगर कदम उठाए हैं। जिससे कानून-व्यवस्था संतोषजनक हैं और अपराध घट रहें हैं। वहीं आबकारी वृत भीकनगांव में युवा आबकारी उप-निरीक्षक सार्थक वर्मा ने बताया कि शराब के अवैध-परिवहन को लेकर विभाग गंभीर है और वे सूचना मिलते ही त्वरित-कार्रवाई की जा रही है। ज्ञातव्य रहे कि इस आदिवासी अंचल में अवैध-परिवहन कर शराब गांव-गांव पहुंचाई जा रही है। जिससे शांति-व्यवस्था पर प्रतिकूल-असर हो रहा है,जिसकी चुनौती पुलिस और प्रशासन के समक्ष है।

### बेलगाम-व्यवस्थाएं,एक्शन की जरुरत

बहरहाल, अत्यंत पिछड़े इस आदिवासी अंचल की बेलगाम-व्यवस्थाओं पर एक्शन की जरुरत है। बुरहानपुर में रिश्वत मांगने वाले एक लिपिक को चपरासी बनाने पर कलेक्टर भाव्या मित्तल एक्शन-लेडी के रूप में चर्चित रहीं हैं। वहीं,युवा अधिकारियों को फ्री-हेंड देने की जरुरत हैं,लेकिन राजनैतिक-हस्तक्षेप से फिलहाल यह संभव दिखाई नहीं दे रहा है।